रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 2230] नई दिल्ली, बुधवार, अगस्त 9, 2017/श्रावण 18, 1939
No. 2230] NEW DELHI, WEDNESDAY, AUGUST 9, 2017/SRAVANA 18, 1939

IndiaCode

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 9 अगस्त, 2017

का.आ. 2538(अ).—भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना सं. का.आ. 655 (अ) तारीख 4 मार्च, 2016, उन सभी व्यक्तियों से, जिनके उससे प्रभावित होने की संभावना थी, उस तारीख से, जिसको उस राजपत्र की प्रतियां, जिसमें यह अधिसूचना अंतर्विष्ट है, उपलब्ध करा दी गई थी, साठ दिन की अवधि के भीतर आक्षेप और सुझाव आमंत्रित करते हुए एक प्रारुप अधिसूचना प्रकाशित की गई थी;

और, उक्त प्रारुप अधिसूचना अन्तर्विष्ट करने वाले राजपत्र की प्रतियां जनता को तारीख 4 मार्च, 2016 को उपलब्ध करा दी गई थीं;

और, उक्त प्रारुप अधिसूचना के उत्तर में सभी व्यक्तियों और पणधारियों से प्राप्त आक्षेपों और सुझावों पर केंद्रीय सरकार द्वारा सम्यक् रुप से विचार किया गया;

और, सतपुडा बाघ आरक्षिती, मध्य प्रदेश के होशंगाबाद जिले में स्थित है। सतपुड़ा राष्ट्रीय उद्यान का कुल क्षेत्रफल 528.73 वर्ग किलोमीटर है, जो मध्य प्रदेश राज्य में पंचमढ़ी वन्यजीव अभयारण्य का 417.78 वर्ग किलोमीटर और बोरी वन्यजीव अभयारण्य का 485.71 वर्ग किलोमीटर के साथ 1432.22 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र का कुल क्षेत्रफल है;

और, सतपुड़ा बाघ आरक्षिती 2133.30 वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है जिसमें की कोर संकटापन्न बाघ पर्यावास 1339.26 वर्ग किलोमीटर में है और मध्यवर्ती क्षेत्र 794.04 वर्ग किलोमीटर में है;

और, सतपुडा बाघ आरक्षिती विश्व में सबसे बड़ा बाघ पर्यावास का भाग है जिसके अंतर्गत छिंदवाड़ा, होशंगाबाद, बेतुल, हरदा, खांडवा और मेलघाट 10,000 वर्ग किलोमीटर में विस्तृत है;

और, बाघ के अस्तित्व के लिए यह परिदृश्य बहुत महत्वपूर्ण है और यह क्षेत्र ऐतिहासिक रूप से बाघ, गौर और संभार के लिए प्रसिद्ध है। इस वन में कम से कम 14 संकटापन्न प्रजातियां स्तनधारी, पक्षी और सरीसृप वास करते हैं। सूरज-भगत, भारतीय विशालकाय गिलहरी और लीफ नॉस चमगादड़ के वास स्थान परिवर्तन के लिए सबसे अधिक संवेदी माना जाना चाहिए;

और, संरक्षित क्षेत्र के पक्षी जीवजन्तु में रुचि रखने वाले लोगों के लिए एक स्वर्ग है। यहां 300 से अधिक पक्षियों की प्रजातियां देखी जाती हैं जिनमें मालाबार पाईड धनेश, मालाबार विशलिंग थर्स शामिल हैं और स्वर्ग फ्लाईकेचर मध्य प्रदेश का राज्य पक्षी है। क्षेत्र में कई प्रवासी पक्षियां भी रहती हैं जैसे ब्राह्मी बत्तख, बार हेडिड गीज़, पींटेल आदि;

(i) और, सतपुडा बाघ आरक्षिती केंद्रीय भारतीय पहाड़ी क्षेत्र पारिस्थितिक तंत्र का प्रमुख उदाहरण है। यह उच्च प्राकृतिक और विविध भूमि संसाधन मूल्यों का एक अनूठा क्षेत्र है और प्रचुर जैव विविधता के साथ संपन्न है। इसमें बहुत अधिक दुर्लभ और स्थानिक पौधे हैं, विशेष रूप से ब्रायोफाइट्स और पेटरीडोफाइट्स जैसे पसालोटम, साइथेआ, ओसमुंडा, लाइकोपोडियम, लाइगोडियम आदि। पंचमढ़ी पठार पर साल वन गोंडवाना के बलुआ पत्थर पर विद्यमान होते हैं जहां निचले मैदानों पर सागौन के वन बेसाल्टिक जाल पर होते हैं;

और, फाइटोजियोग्राफीकली के अनुसार बाघ आरक्षिती कुछ प्रजातियों के लिए अद्वितीय है; जो मध्य प्रदेश में कहीं और सामान्य नहीं हैं, इस क्षेत्र में पाए जाते हैं। ये *मैलेस्टोमा मालाबेरिकम, मुर्रा पॅनिकुलता, होल्मस्कील्डिया सेंगुइन, ब्लूमेए लान्सोलरिया, सोफोरी इंटरप्रटा* आदि हैं। यहां हिमालय की 26 प्रजातियां और नीलगिरी पहाड़ियों की 42 प्रजातियां पाई जाती हैं;

और, क्षेत्र पुरातात्विक और मानव विकास बिंदु से बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि 50 से अधिक चट्टान शेल्टर हैं जो पेंटिंग के साथ 1500 से 10000 साल पुराने हैं;

और, सतपुडा बाघ आरक्षिती में वृक्ष जैसे बाबुल*(अकेसीआ अराबीका),* खैर*(अकेशिया कटैचु),* रेयुन्जना*(अकेशिया लेयुकोफलोअ),* हलदु*(अदीना कोरदीफोलीअ),* बेल*(ऐगल मरमेलोस),* महारूख*(इलन्टुस एक्सेलस),* करूंग*(अलबीजिया चीन्सी),* काला सीरीस*(अलबिजिअ लेब्बेक),* चीचवा*(अलबिजिअ ओदोरटीस्सीमा),* सफेद सीरीस*(अलबीजिया परोकेरा),* धाओरा*(अनोगेइस्सुस लेटीफोलीअ),* नीम*(अजदीराकाटा इंडिका),*अमाता(*बयुहीना मालाबरीका*), केओलार*(बेयहीनी पुरपुरेस),* असता *(बेयहीनीअ रेकेमोसा),* सेहरा *(बेयहीनी रेटुस)* , कचनार *(बयहीनीअ वेरीइगाटा),* सालाइ *(बोसवेल्लीअ सेर्राटा),* कासाइ *(बरीदेलीअ रेटुसा),* अचार*(बुचनानीअ लनजल)* हैं;

और, सतपुडा बाघ आरक्षिती में संकटापन्न पौधें जैसे बाख (*एकोरस कैलामास*), दारू हल्दी (*बेरबेरीस अरिस्ताटा*), लिली, अगिनीशिखा (*ग्लोरिसा सुपरब*), जिंजर लिली (*हेडेकियम कोरोनारियम*), संधर्लिका (*स्पाइकड जिंजर लिली*) (*हेडीक्यूम स्पिटकट*), सरपगंधा (*राउफोल्फ़िया सर्पेंटाइन*), चिरैता (*सर्तिया अंगुस्टिफ़ोलिया*) , वान हल्दी (*कर्क्यूमा सीसिया*), जाडवार, निर्वसी (*डेल्फीनियम डेनडैटमैन*), शिंगली-मिंगली (*नेपाल यम*) (*डायोस्कोरा डेलटोइडे*), स्केलेटन फोर्क फर्न(*पसीलोटम नडम*), कखाई (*अबुटीलॉन इंडिकॉम*), सफ़ेडेकुमुन (*नम्फैया टेट्रगोना*), मैदा चाल(*डिलियाना पैंताग्ना*), भूत वृक्षा, अरालू (*ओरोक्सीयलम इंडिकॉम*) हैं;

और, सतपुडा बाघ आरक्षिती में संकटापन्न प्रजातियां जैसे भारतीय गिद्ध (*जिप्सी इंडिकस*), काला गद्ध (*सीनेरस वल्चर*) (*एगीपियस मोनाचुस*), यूरेशियन ओटर (*लुट्रा लुट्रा*), स्मूथ कोटेड ओटर (*लुत्रोगेल पर्स्पिलिटाटा*), बाघ (*पैंथेरा टाइगरिस*), तेंदुआ (*पैंथेरा पार्डस*), ढोले (*कुओन अल्पाइंस*), रीछ (*मेलुरसुस अरसीनुस*), दलदल हिरण*(केरयस दुवायकेल्इइ),* भारतीय बृहत गिलहरी *(रतुफा इंडिका),* गौर(बाइसन) *(बोस गयरूस),* भारतीय साल *(मानीस करेससीकयदादा),* हनी बेजर (रटल) (*मेलेबोरा कैपेसिस*), गंधबिलाव, बीजु (*विवररा जिबेर्ता*), भारतीय छिपकली*(वेरनुस बेंगालेंसीस)* हैं;

और, सतपुडा बाघ आरक्षिती में पक्षियों जैसे पाइड या व्हाइट वाग्टेल (*मोटाकिला अल्बा*), भारतीय रींग कबूतर (*स्ट्रेप्टोपेलिया डेकाक्टो*), पाइड धनेश (*एन्थ्रेकोसेरेस-कोरोनाटस*), बड़े पाईड वाग्टेल (*मोटाकिला मोदरस्पेटेंसिस*), कोलेडर बुशचैट (*सैक्सिकोला तारकानाटा*), ब्लू विंगेड टील (*एनास क्यूरक्वेदुला*), हाउस स्विफ्ट (*ऐपस एफिनिस*), स्टोन कर्लेव (*बृहिनस ओडेकनिमस*), वीवर पक्षी (*प्लॉसेस-फिलिपिनस*), अल्पाइन स्विफ्ट (*अप्स मेल्बा*), लार्ज एग्रीट (*एग्रेटा अल्बा*), ब्लू चिकड मधुमक्खी मधुर (*मर्प्स सुपरसिलीओसस*), नीले पूंछ मधुमक्खी मधुर (*मर्प्स फिलिपिनस*), रेडवेंटेड बुलबुल (*पायोनोनोटस कैफर*), लघु मिनेवेट (*पेरिक्रोकोटस सिन्नामोउस*), सामान्य या ग्रे बटेर (*कोट्यूएनिक्स कोटेनिक्स*), आम क्रेन (*ग्रुस ग्रुस*), ब्लैक हेडिड मैना (*स्टर्नस पोगोदरम*), चेस्टनट बॉलिड नथैच (*सीट्टा कास्टाना*), वेलवेच फ्रंटेड नथैच (*सीट्टा फ्रंटलालिस*) हैं;

और, सतपुडा बाघ आरक्षिती के महत्वपूर्ण बाघ निवास स्थान के चारों ओर, जिसके अंतर्गत सतपुडा राष्ट्रीय उद्यान, पंचमढ़ी वन्यजीव अभयारण्य और बोरी वन्यजीव अभयारण्य है, जिसे इस अधिसूचना के पैरा 1 में विनिर्दिष्ट किया गया हैं, पर्यावरण की दृष्टि से पारिस्थितिक संवेदी जोन के रूप में सुरक्षित और संरक्षित करना तथा उक्त पारिस्थितिक संवेदी जोन में उद्योगों या उद्योगों के वर्गो के प्रचालन तथा प्रसंस्करण करने को प्रतिषिद्ध करना आवश्यक है;

अतः, इसलिए, केन्द्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) नियम, 1986 के नियम 5 के उपनियम (3) के साथ पठित पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) की धारा 3 की उपधारा (3) और उपधारा (2) के खंड (v) और खंड (xiv) और उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, सतपुडा बाघ आरक्षिती के कोर महत्वपूर्ण सतपुडा बाघ पर्यावास जि़सके अंतर्गत सतपुडा राष्ट्रीय उद्यान, पंचमढ़ी वन्यजीव अभयारण्य और बोरी वन्यजीव अभयारण्य है, मध्य प्रदेश की सीमा से अधिसूचित शहरी और आबादी इलाकों की तरफ 100 मीटर के विस्तार तक और बाकी तरफ 2 किलोमीटर के

विस्तार तक को सतपुडा राष्ट्रीय उद्यान, पंचमढ़ी वन्यजीव अभयारण्य और बोरी वन्यजीव अभयारण्य पारिस्थितिक संवेदी जोन (जिसे इसमें इसके पश्चात् पारिस्थितिक संवेदी जोन कहा गया है) के रूप में अधिसूचित करती है, जिसके ब्यौरे निम्नानुसार है, अर्थात् :--

1.**पारिस्थितिक संवेदी जोन का विस्तार और उसकी सीमाएं**--(1) पारिस्थितिक संवेदी जोन का विस्तार सतपुडा बाघ आरक्षिती राज्य मध्य प्रदेश के कोर महत्वपूर्ण बाघ पर्यावास, जिसके अंतर्गत सतपुड़ा राष्ट्रीय उद्यान, पंचमढ़ी वन्यजीव अभयारण्य और बोरी वन्यजीव अभयारण्य है, की सीमा की तरफ से अधिसूचित शहरी और आबादी क्षेत्र में 100 मीटर तक है और सतपुडा बाघ आरक्षिती के कोर महत्वपूर्ण बाघ पर्यावास की अन्य तरफ से 2 किलोमीटर तक है;

(2) पारिस्थितिक संवेदी जोन 1079.43 वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है, जिसके अंतर्गत सतपुडा बाघ आरक्षिती का 794.04 वर्ग किलोमीटर का मध्यवर्ती क्षेत्र है और 285.39 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र के दूसरे भागों (दो किलोमीटर परिधि के भीतर) के वन क्षेत्र शामिल हैं ।

(3) पारिस्थितिक संवेदी जोन का मानचित्र प्रमुख बिंदुओं के भू-निर्देशांक के साथ **उपाबंध-I** के रुप में उपाबद्ध है ।

(4) पारिस्थितिक संवेदी जोन में 81 ग्राम शामिल हैं। पारिस्थितिक संवदी जोन के अंतर्गत आने वाले ग्रामों की सूची **उपाबंध-II** के रुप में उपाबद्ध है ।

(5) क्षेत्र की विधिक स्थिति **उपाबंध-III** के रुप में उपाबद्ध है ।

2. पारिस्थितिक संवेदी जोन के लिए आंचलिक महायोजना – (1) राज्य सरकार, पारिस्थितिक संवेदी जोन के प्रयोजन के लिए राजपत्र में अंतिम अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से दो वर्ष की अवधि के भीतर, स्थानीय व्यक्तियों के परामर्श से और इस अधिसूचना में दिए गए अनुबंधों का पालन करते हुए आंचलिक महायोजना तैयार करेगी।

(2) राज्य सरकार द्वारा पारिस्थितिक संवेदी जोन के लिए आचंलिक महायोजना ऐसी रीति जो इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट है तथा सुसंगत केंद्रीय और राज्य विधियों के अनुरुप और केंद्रीय सरकार द्वारा जारी मार्गनिर्देशों, यदि कोई हों, द्वारा तैयार होगी ।

(3) आंचलिक महायोजना, पर्यावरणीय और पारिस्थितिक संबंधी बातों को समाकलित करने के लिए राज्य सरकार के सभी संबद्ध विभागों के परामर्श से तैयार होगी, अर्थात्:--

(i) पर्यावरण;

(ii) वन और वन्यजीव;

(iii) कृषि और बागवानी ;

(iv) राजस्व;

(v) शहरी विकास;

(vi) पर्यटन सहित पारिस्थितिक पर्यटन;

(vii) ग्रामीण विकास;

(viii) सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण;

(ix) नगरपालिक और शहरी विकास;

(x) पंचायती राज;

(xi) लोक निर्माण विभाग।

(4) आंचलिक महायोजना अनुमोदित विद्यमान भू-उपयोग, अवसंरचना और क्रियाकलापों पर कोई निर्बंधन अधिरोपित नहीं करेगी जब तक कि इस अधिसूचना में इस प्रकार विनिर्दिष्ट न हो और आचंलिक महायोजना सभी अवसंरचना और क्रियाकलापों में जो अधिक दक्षता और पारिस्थितिक अनुकूल हों का संवर्धन करेगी ।

(5) आंचलिक महायोजना में अनाच्छादित क्षेत्रों के जीर्णोद्धार, विद्यमान जल निकायों के संरक्षण, आवाह क्षेत्रों के प्रबंधन, जल-संभरों के प्रबंधन, भूतल जल के प्रबंधन, मृदा और नमी संरक्षण, स्थानीय समुदायों की आवश्यकताओं तथा पारिस्थितिक और पर्यावरण से संबंधित ऐसे अन्य पहलुओं, जिन पर ध्यान देना आवश्यक है, के लिए उपबंध होंगे ।

(6) आंचलिक महायोजना सभी विद्यमान पूजा स्थलों, ग्रामों और नगरीय बंदोबस्तों, वनों के प्रकार और किस्मों, कृषि क्षेत्रों, ऊपजाऊ भूमि, हरित क्षेत्र जैसे उद्यान और उसी प्रकार के स्थान, उद्यान कृषि क्षेत्र, फलोउद्यान, झीलों और अन्य जल

निकायों का अभ्यकंन करेगी और इस योजना के मानचित्र के साथ विद्यमान और प्रस्तावित भूमि उपयोग विशेषताओं का विवरण संलग्न होगा ।

(7) आंचलिक महायोजना पारिस्थितिक संवेदी जोन में विकास को विनियमित करेगी और सारणी में सूचीबद्ध प्रतिषिद्ध, विनियमित क्रियाकलापों का पालन करेगी तथा स्थानीय समुदायों की आजीविका सुरक्षा के लिए, पारिस्थितिक अनुकूल विकास सुनिश्चित करेगी तथा संवर्धित करेगी।

(8) आंचलिक महायोजना क्षेत्रीय विकास योजना के साथ समाप्त होगी ।

(9) इस प्रकार अनुमोदित आंचलिक महायोजना इस अधिसूचना के उपबंधों के अनुसार मानीटरी के अपने कृत्यों को करने के लिए मानीटरी समिति के लिए एक संदर्भ दस्तावेज होगी ।

3. **राज्य सरकार द्वारा किए जाने वाले उपाय--** राज्य सरकार इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभावी करने के लिए निम्नलिखित उपाय करेगी, अर्थात्:--

(1) **भू-उपयोग –** (क) पारिस्थितिक संवेदी जोन में वनों, उद्यान-कृषि क्षेत्रों, कृषि क्षेत्रों, आमोद-प्रमोद के प्रयोजन के लिए चिन्हित किए गए पार्कों और खुले स्थानों का वृहद वाणिज्यिक या वृहद आवासीय काम्पलैक्स औद्योगिक क्रियाकलापों के लिए उपयोग या संपरिवर्तन नहीं होगा:

परंतु पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर भाग में विनिर्दिष्ट प्रयोजन से भिन्न प्रयोजन के लिए कृषि और अन्य भूमि का संपरिवर्तन मानीटरी समिति की सिफारिश पर और यथा-लागू और क्षेत्रीय नगर योजना अधिनियम तथा केन्द्रीय/राज्य सरकार के अन्य नियमों तथा विनियमों के अधीन सक्षम प्राधिकारी के पूर्व अनुमोदन से, तथा इस अधिसूचना के उपबंधों द्वारा स्थानीय निवासियों की निम्नलिखित आवासीय जरूरतों को पूरा करने के लिए अनुज्ञात किया जाएगा, जैसे:-

(i) विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना और उन्हें सुदृढ करना तथा नई सड़कों का संनिर्माण;

(ii) बुनियादी ढांचों और नागरिक सुविधाओं का संनिर्माण और नवीकरण;

(iii) प्रदूषण उत्पन्न न करने वाले लघु उद्योग;

(iv) कुटीर उद्योगों जिसके अंतर्गत ग्रामीण उद्योग हैं; सुविधाजनक भण्डार और स्थानीय सुख-सुविधाओं जो पारिस्थितिक पर्यटन में सहायक हैं जिसमें गृह वास सम्मिलित है;और

(v) संवर्धित क्रियाकलाप और पैरा 4 के अधीन दिए गए हैं:

परंतु यह और भी कि क्षेत्रीय नगर योजना अधिनियम और अन्य नियमों और विनियमों के अधीन राज्य सरकार के पूर्व अनुमोदन तथा संविधान के अनुच्छेद 244 और तत्समय प्रवृत्त विधि के उपबंधों के अनुपालन के बिना, जिसके अंतर्गत अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 (2007 का 2) भी है, वाणिज्यिक या उद्योग विकास क्रियाकलापों के लिए जनजातीय भूमि का उपयोग अनुज्ञात नहीं होगा:

परंतु यह और भी कि पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर भू-अभिलेखों में प्रकट होने वाली कोई त्रुटि, मानीटरी समिति के विचार प्राप्त करने के पश्चात् राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक मामले में एक बार संशोधित होगी और उक्त त्रुटि के संशोधन की सूचना केंद्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को देनी होगी :

परंतु यह और भी कि उपर्युक्त त्रुटि के संशोधन में इस उप पैरा के अधीन यथा-उपबंधित के सिवाय किसी भी दशा में भू-उपयोग का परिवर्तन सम्मिलित नहीं होगा ।

(ख) वनरोपण और वास जीर्णोद्धार क्रियाकलापों वाले अनप्रयुक्त या अनुत्पादक कृषि क्षेत्रों में पुन: वनीकरण करने के प्रयास किए जाएंगे ।

(2) **प्राकृतिक जल स्रोत** -- आचंलिक महायोजना में सभी प्राकृतिक जल स्रोतों या नदियों या जलसरणी की पहचान की जाएगी और उसमें उनके संरक्षण और पुनरुद्भूतकरण के लिए योजना सम्मिलित होगी ।

(3) **पर्यटन/पारिस्थितिक पर्यटन –** (क) पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर सभी नए पारिस्थितिक पर्यटन क्रियाकलाप या विद्यमान पर्यटन संबंधी क्रियाकलाप पारिस्थितिक संवेदी जोन के लिए पर्यटन महायोजना के अनुसार होंगे ।

(ख) पारिस्थितिक पर्यटन महायोजना पर्यटन विभाग, द्वारा राज्य सरकार के पर्यावरण और वन विभाग के परामर्श से तैयार होगी ।

(ग) पर्यटन महायोजना आंचलिक महायोजना के एक घटक के रूप में होगी ।

(घ) पारिस्थितिक पर्यटन संबंधी क्रियाकलाप निम्नलिखित के अधीन विनियमित होंगे, अर्थात् :-

(i) वन्यजीव अभयराण्य की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर या पारिस्थितिक संवेदी जोन के विस्तार तक, जो भी निकट हो, किसी होटल या रिसोर्ट का नया संन्निर्माण अनुज्ञात नहीं किया जाएगा । तथापि, वन्यजीव अभयारण्य की सीमा से एक किलोमीटर की दूरी से परे पारिस्थितिक संवेदी जोन के विस्तार तक नए होटलों और रिसोर्टों की स्थापना पर्यटन महायोजना के अनुसार पारिस्थितिक पर्यटन सुविधाओं के लिए पूर्व सीमांकित और पदाभिहित क्षेत्रों में ही अनुज्ञात की जाएगी।

(ii) पारिस्थितिक संवेदी जोन के अन्दर सभी नए पर्यटन क्रिया-कलाप या विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों के विस्तार केन्द्रीय सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा जारी मार्गदर्शी सिद्धांतों तथा पारिस्थितिक पर्यटन पर बल देते हुए राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण द्वारा जारी पारिस्थितिक पर्यटन मार्गदर्शी सिद्धांतों (समय-समय पर यथा-संशोधित) के अनुसार होगा ।

(iii) जब तक आंचलिक महायोजना का अनुमोदन नहीं कर दिया जाता है जब तक पर्यटन संबंधी विकास तथा विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों का विस्तार मानीटरी समिति के वास्तविक स्थल विनिर्दिष्ट संवीक्षा तथा सिफारिश के आधार पर सम्बंधित विनियामक प्राधिकारी द्वारा अनुज्ञात किया जाएगा और पारिस्थितिक संवेदी जोन क्षेत्र के भीतर कोई नया होटल/रिसार्ट या वाणिज्यिक स्थापन का संन्निर्माण अनुज्ञात नहीं किया जाता है ।

(4) **नैसर्गिक विरासत --** पारिस्थितिक संवेदी जोन में महत्वपूर्ण नैसर्गिक विरासत के सभी स्थलों जैसे सभी जीन कोश आरक्षित क्षेत्र, शैल विरचनाएं, जल प्रपातों, झरनों, घाटी मार्गों, उपवनों, गुफाएं, स्थलों, भ्रमण, अश्वरोहण, प्रपातों आदि की पहचान की जाएगी और विरासत संरक्षण योजना आंचलिक महायोजना के भाग के रुप में परिरक्षण और संरक्षण के लिए तैयार की जाएगी ।

(5) **मानव निर्मित विरासत स्थल -** पारिस्थितिक संवेदी जोन में भवनों, संरचनाओं, शिल्प-तथ्य, ऐतिहासिक, कलात्मक और सांस्कृतिक महत्व के क्षेत्रों की पहचान और उनके संरक्षण के लिए विरासत योजना आंचलिक महायोजना के भाग के रुप में तैयार की जाएगी ।

(6) **ध्वनि प्रदूषण** -- पारिस्थितिक संवेदी जोन में ध्वनि प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण का ध्वनि पर्यावरणीय (संरक्षण) अधिनियम, 1986, और उसमें किए गए संशोधनों के अधीन प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) नियमों 2000 के अनुसार अनुपालन किया जाएगा ।

(7) **वायु प्रदूषण** -- पारिस्थितिक संवेदी जोन में, वायु प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण वायु (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 (1981 का 14) के उपबंधों और उसके अधीन बनाए गए नियमों और उनमें किए गए संशोधनों के अनुसार अनुपालन किया जाएगा ।

(8) **बहिस्राव का निस्सारण** -- पारिस्थितिक संवेदी जोन में उपचारित बहिस्राव का निस्सारण पर्यावरणीय (संरक्षण) अधिनियम, 1986 और उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अधीन आने वाले पर्यावरणीय प्रदूषकों के निस्सारण के लिए साधारण मानकों के अनुसार होगा ।

(9) **ठोस अपशिष्ट --** ठोस अपशिष्टों का निपटान और प्रबंधन निम्नलिखित रूप में होगा--

(क) पारिस्थितिक संवेदी जोन में ठोस अपशिष्ट निपटान और प्रबंधन समय-समय पर संशोधित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016, जो भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना सं. का.आ. 1357(अ) तारीख 8 अप्रैल, 2016 द्वारा प्रकाशित किए गए थे, के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा ;

अकार्बनिक सामग्री का निपटान पारिस्थितिक संवेदी जोन के बाहर पहचान किए गए स्थल पर किसी पर्यावरणीय स्वीकृत रीति में होगा;

(ख) पारिस्थितिक संवेदी जोन के अंतर्गत जैव-चिकित्सा अपशिष्टों के सुरक्षित और पर्यावरणीय ध्वनि प्रबंधन (ईएसएम) की पहचान की गई तकनीकों के उपयोग की विद्यमान नियमों और विनियमों के अनुरूप अनुमति दी जाएगी।

(10) **जैव चिकित्सीय अपशिष्ट**- जैव चिकित्सीय अपशिष्ट प्रबंधन निम्नलिखित रूप में होगा—

(क) पारिस्थितिक संवेदी जोन में जैव चिकित्सीय अपशिष्टों का निपटान भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समय-समय पर यथा-संशोधित अधिसूचना सं.का.नि 343 (अ) तारीख 28 मार्च 2016 द्वारा प्रकाशित जैव चिकित्सीय अपशिष्ट प्रबंध नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा ।

(ख) पारिस्थितिक संवेदी जोन के अंतर्गत जैव-चिकित्सा अपशिष्टों के सुरक्षित और पर्यावरणीय ध्वनि प्रबंधन (ईएसएम) की पहचान की गई तकनीकों के उपयोग की विद्यमान नियमों और विनियमों के अनुरूप अनुमति दी जाएगी।

(11) **प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन: -** पारिस्थितिक संवेदी जोन में प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंध का निपटान भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समय-समय पर यथासंशोधित अधिसूचना सा.का.नि 340(अ), तारीख 18 मार्च, 2016 द्वारा प्रकाशित प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंध नियम 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(12) **संनिर्माण और विध्वंस अपशिष्ट प्रबंधन: -** पारिस्थितिक संवेदी जोन में संनिर्माण और विध्वंस अपशिष्ट प्रबंध भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समय-समय पर यथासंशोधित अधिसूचना सा.का.नि 317(अ), तारीख 29 मार्च, 2016 द्वारा प्रकाशित संनिर्माण और विध्वंस प्रबंध नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा ।

(13) **ई–अपशिष्ट:-** पारिस्थितिक संवेदी जोन में ई–अपशिष्ट प्रबंध का निपटान भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा समय-समय पर यथासंशोधित ई–अपशिष्ट प्रबंध नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(14) **यानीय परिवहन: -** परिवहन की यानीय संचालन आवास के अनुकूल रीति में विनियमित होंगी और इस संबंध में आंचलिक महायोजना में विनिर्दिष्ट उपबंध समाविष्ट किए जाएंगे और आंचलिक महायोजना के तैयार होने और राज्य सरकार के सक्षम प्राधिकारी द्वारा के अनुमोदित होने तक, मानीटरी समिति सुसंगत अधिनियमों तथा तदधीन बनाए गए नियमों और विनियमों के अधीन यानीय संचलन के अनुपालन को मानीटर करेगी ।

(15) **यानीय प्रदूषण:-** लागू विधियों के अनुसार वाहन प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण का अनुपालन किया जाएगा। स्वच्छक ईंधन उदाहरण के लिए सीएनजी, एलपीजी, आदि के उपयोग के लिए प्रयास किए जाएगे ।

(16) **औद्योगिक ईकाइयां: -** (i) सरकारी राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन पर या उसके बाद पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर किन्हीं नए प्रदूषणकारी उद्योगों की स्थापना की अनुमति नहीं दी जाएगी।

(ii) पारिस्थितिक संवेदी जोन में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा फरवरी, 2016 में जारी दिशानिर्देशों में केवल गैर- केवल अप्रदूषणकारी उद्योगों की स्थापना को वर्गीकरण के अनुसार अनुमति दी जाएगी, जब तक कि इस अधिसूचना में इस प्रकार विनिर्दिष्ट न हो। इसके अलावा, गैर-प्रदूषणकारी कुटीर उद्योगों को प्रतिषिद्ध किया जाएगा।

(17) **पहाड़ी ढलानों का संरक्षण: -** पहाड़ी ढलानों का संरक्षण निम्नानुसार:

(क) आंचलिक महायोजना में पहाड़ी ढलानों पर क्षेत्रों को उपदर्शित किया जाएगा जहां किसी भी संनिर्माण की अनुमति नहीं दी जाएगी ।

(ख) कटाव के एक उच्च डिग्री के साथ विद्यमान खड़ी पहाड़ी ढलानों या ढलानों पर किसी भी संनिर्माण की अनुमति नहीं दी जाएगी ।

(18) केन्द्रीय सरकार और राज्य सरकार, यदि यह आवश्यक समझती है, इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभावी करने में अन्य उपाय विनिर्दिष्ट करेगा।

4. पारिस्थितिक संवेदी जोन में प्रतिषिद्ध या विनियमित किए जाने वाले क्रियाकलापों की सूची - पारिस्थितिक संवेदी जोन में सभी क्रियाकलाप पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) के उपबंधों और तटीय विनियमन जोन (सीआरजेड), 2011 और पर्यावरणीय प्रभाव आकलन (ईआईए) अधिसूचना, 2006 और वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 (1980 के 69), भारतीय वन अधिनियम, 1927 (1927 के 16), वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 (1972 के 53) के उपबंधों तथा उनमें किए गए संशोधनों द्वारा शासित होंगे और नीचे दी गई सारणी में विनिर्दिष्ट रीति में विनियमित होंगे, अर्थात् :--

सारणी

क्रम सं.	**क्रियाकलाप**	**विवरण**
		क. प्रतिषिद्ध क्रियाकलाप
1.	वाणिज्यिक खनन ।	(क) सभी प्रकार के खनन (लघु और वृहत खनिज), पत्थर की खानें और उनको तोड़ने की इकाइयां वास्तविक स्थानीय निवासियों की घरेलू आवश्यकताओं के सिवाय नहीं होंगी जिसमें निजी उपयोग के लिए मकानों के संन्निर्माण या मरम्मत के लिए भूमि को खोदना और मकान बनाने के लिए देशी टाइलों का निर्माण भी सम्मिलित है; (ख) माननीय उच्चतम न्यायालय की रिट याचिका (सिविल) सं. 1995 का 202 टी.एन. गोविंदरामन थिरुमूलपाद बनाम भारत सरकार के मामले में आदेश तारीख 4 अगस्त, 2006 और रिट याचिका (सी) सं. 2012 का 435 गोवा फाउंडेशन बनाम भारत सरकार के मामले में तारीख 21 अप्रैल, 2014 के अंतरिम आदेश के कठोर अनुसरण का प्रचालन होगा ।

2.	प्रदूषण (जल या वायु या मृदा या ध्वनि, आदि) कारित करने वाले उद्योगों की स्थापना ।	कोई नया उद्योग या पारिस्थितिक संवेदी जोन में प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों के विस्तार की अनुमति नहीं दी जाएगी। पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा फरवरी, 2016 में जारी दिशानिर्देशों में सिर्फ गैर- प्रदूषित उद्योगों को स्थापना के अनुसार अनुज्ञात किया जाएगा, जब तक कि इस अधिसूचना में इस प्रकार विनिर्दिष्ट न हो।
3.	बृहत जल विद्युत परियोजना की स्थापना ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे ।
4.	किसी परिसंकटमय पदार्थों का उपयोग या उत्पादन या प्रस्संकरण ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे ।
5.	प्राकृतिक जल निकायों या सतही क्षेत्र में अनुपचारित बहिर्स्राव और ठोस अपशिष्टों का निस्सारण ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे ।
6.	फर्मों, कॉर्पोरेट, कंपनियों द्वारा बड़े पैमाने पर वाणिज्यिक पशुधन संपदा और कुक्कुट फार्मों की स्थापना ।	स्थानीय जरूरतों को पूरा करने के सिवाय लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे।
7.	नई आरा मिलों की स्थापना।	पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर नई या विद्यमान आरा मिलों का विस्तार अनुज्ञात नहीं होगा ।
8.	ईंट भट्टों की स्थापना करना।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे ।
9.	पोलिथीन बैगों का उपयोग ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे ।
10.	जलावन लकड़ी का वाणिज्यिक उपयोग।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे ।
11.	नए काष्ठ आधारित उद्योग ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे ।
		ख. विनियमित क्रियाकलाप
12.	होटलों और रिसोर्टों का वाणिज्यिक स्थापना ।	पारिस्थितिक अनुकूल पर्यटन क्रियाकलाप से संबंधित पर्यटकों को अस्थायी अधिभोग के लिए वास सुविधा के सिवाय संरक्षित क्षेत्र सीमा के एक किलोमीटर के भीतर कोई नया वाणिज्यिक होटल और रिसोर्ट अनुज्ञात नहीं होंगे : परन्तु वन्यजीव अभयारण्य की सीमा से एक किलोमीटर से परे और पारिस्थितिक संवेदी जोन के विस्तार तक सभी नए पर्यटन क्रियाकलापों या विद्यमान क्रियाकलापों का विस्तार पर्यटन महायोजना के अनुरुप होगा ।
13.	संनिर्माण क्रियाकलाप ।	(क) संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर या पारिस्थितिक संवेदी जोन के विस्तार तक जो भी निकट हो, किसी भी प्रकार का वाणिज्यिक संनिर्माण अनुज्ञात नहीं किया जाएगा: परंतु स्थानीय लोगों को पैरा 3 के उप-पैरा (1) में सूचीबद्ध क्रियाकलापों सहित उनके उपयोग के लिए उनकी भूमि में स्थानीय निवास्यों की आवासीय आवश्यकताओं को पूरा करने लिए संनिर्माण करने की अनुमति भवन उपविधियों के अनुसार दी जाएगी । (i) विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना और उन्हें सुदृढ करना तथा नई सड़कों का संनिर्माण; (ii) बुनियादी ढांचों और नागरिक सुख-सुविधाओं का संनिर्माण और नवीकरण;

		(iii) फरवरी, 2016 में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा किए गए वर्गीकरण के अनुसार परिभाषित गैर- प्रदूषणकारी लघु उद्योग; (iv) कुटीर उद्योगों जिनके अंतर्गत ग्रामीण उद्योग हैं; सुविधा भण्डार और स्थानीय सुख सुविधाओं जो पारिस्थितिक पर्यटन में जिस में ग्रह वास भी है सहायक हो; और (v) इस अधिसूचना में सूचीबद्ध संवर्धित क्रियाकलापों की सूची : (ख) परन्तु ऐसे लघु उद्योगों जो प्रदूषण उत्पन्न नहीं करते हैं, से संबंधित संनिर्माण क्रियाकलाप विनियमित किए जाएंगे और लागू नियमों और विनियमों, यदि कोई हों, के अनुसार सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति से ही न्यूनतम पर रखे जाएंगे । (ग) एक किलोमीटर से आगे वह आंचलिक महायोजना की अनुसार विनियमित होंगे ।
14.	प्रदूषण उत्पन्न न करने वाले लघु उद्योग ।	फरवरी, 2016 में केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी उद्योगों में वर्गीकरण के अनुसार गैर-प्रदूषणकारी उद्योग और अपरिसंकट में, लघु और सेवा उद्योग, कृषि, पुष्प कृषि, उद्यान कृषि या पारिस्थितिक संवेदी जोन से देशी सामग्री से उत्पादों को उत्पन्न करने वाले कृषि आधारित उद्योग सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुज्ञात होंगे।
15.	बकरी और भेड़ की वाणिज्यिक पालन।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगी ।
16.	वृक्षों की कटाई ।	(क) राज्य सरकार में सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना वन, सरकारी या राजस्व या निजी भूमि पर वृक्षों की कोई कटाई नहीं होगी । (ख) वृक्षों की कटाई संबंधित केंद्रीय या राज्य अधिनियम या उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंध के अनुसार विनियमित होगी ।
17.	बकरी पालन।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
18.	वन उत्पादों और गैर काष्ठ वन उत्पादों का संग्रहण (एनटीएफपी) ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
19.	प्रवासी चरवाहे।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
20.	विद्युत और दूरसंचार टावरों का परिनिर्माण और केबल बिछाना और अन्य बुनियादी ढांचे ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे । भूमिगत केबल बिछाए जाने को बढ़ावा दिया जाएगा।
21.	नागरिक सुविधाओं सहित बुनियादी ढांचे।	लागू विधियों नियमों और विनियमों मार्गी सिद्धांतों के अनुसार न्यूनीकरण की उपायों के साथ, और उपलब्ध किए जाएंगे ।
22.	विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना और उन्हें सुदृढ करना तथा नई सड़कों का संन्निर्माण ।	लागू विधियों नियमों और विनियमों मार्गी सिद्धांतों के अनुसार न्यूनीकरण की उपायों के साथ, और उपलब्ध किए जाएंगे ।
23.	पर्यटन से संबंधित क्रियाकलाप करना जैसे गर्म हवा के गुब्बारे, हेलीकाप्टर, ड्रोन, माइक्रोलाइटस आदि द्वारा पारिस्थितिक संवेदी जोन क्षेत्र के ऊपर से उड़ना	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
24.	पहाड़ी ढालों और नदी तटों का संरक्षण ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
25.	रात्रि में यानीय यातायात का संचलन ।	लागू विधियों के अधीन वाणिज्यिक प्रयोजन के लिए विनियमित होंगे ।
26.	स्थानीय समुदायों द्वारा चलाई जा रही कृषि और बागवानी प्रथाओं के साथ पशुपालन, पशुपालन कृषि, जलकृषि	स्थानीय लोगों के उपयोग के लिए लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।

	और मछली पालन।	
27.	प्राकृतिक जल निकायों या सतही क्षेत्र में उपचारित अपशिष्ट जल/बहिर्स्राव का निस्सारण।	उपचारित अपशिष्ट जल/बहिर्स्राव का निस्सारण जल निकायों में प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा। उपचारित अपशिष्ट जल के पुनर्चक्रण और पुन:उपयोग के लिए प्रयास किए जाएंगे। उपचारित अपशिष्ट जल/बहिर्स्रावों का निस्सारण लागू विधियों के अनुसार विनियमित किया जाएगा ।
28.	सतह और भूजल का वाणिज्यिक निष्कर्षण।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
29.	खुले कुआ, बोर कुआ, आदि के लिए कृषि और अन्य उपयोग।	विनियमित और समुचित प्राधिकारी द्वारा क्रियाकलापों की सख्ती से मानीटरी की जाएगी।
30.	ठोस अपशिष्ट प्रबंधन/जैव-चिकित्सीय अपशिष्ट प्रबंधन।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
31.	विदेशी प्रजातियों को लाना।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
32.	पारिस्थितिक-पर्यटन।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
33.	वाणिज्यिक साइनबोर्ड और होर्डिंग।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
	ग. संवर्धित क्रियाकलाप	
34.	वर्षा जल संचयन।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।
35.	जैविक खेती।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।
36.	सभी गतिविधियों के लिए हरित प्रौद्योगिकी को ग्रहण करना।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।
37.	कुटीर उद्योगों जिसके अंतर्गत ग्रामीण कारीगर आदि भी हैं।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।
38.	नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत का उपयोग।	बायो गैस, सोलर लाईट आदि को बढावा दिया जाएगा।
39.	कृषि वानिकी।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।
40.	पारिस्थितिक अनुकूल परिवहन का उपयोग।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।
41.	कौशल विकास।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।
42.	निम्नीकृत भूमि या वन या आवास की बहाली।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।
43.	पर्यावरणीय जागरुकता।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।

5. मानीटरी समिति- केंद्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) की धारा 3 की उपधारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए तीन वर्ष की अवधि के लिए पारिस्थितिक संवेदी जोन की निगरानी प्रभावी के लिए मानीटरी समिति गठित करती है, जो निम्नलिखित से मिलकर बनेगी:--

1. प्रभागीय आयुक्त, होशंगाबाद — अध्यक्ष ;
2. प्रभागीय आयुक्त, जबलपुर — सदस्य ;
3. जिला कलेक्टर, होशंगाबाद — सदस्य ;
4. जिला कलेक्टर, बेतुल — सदस्य ;
5. जिला कलेक्टर, छिंदवाड़ा — सदस्य ;
6. अधीक्षक अभियंता, लोक निर्माण विभाग, शहडोल — सदस्य ;
7. अधीक्षक अभियंता, लोक स्वास्थ्य विभाग, होशंगाबाद — सदस्य ;

8.	अधीक्षक अभियंता, लोक स्वास्थ्य विभाग, बेतुल	सदस्य ;
9.	अधीक्षक अभियंता, लोक स्वास्थ्य विभाग, छिंदवाड़ा	सदस्य ;
10.	मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला पंचायत, होशंगाबाद	सदस्य ;
11.	मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला पंचायत, बेतुल	सदस्य ;
12.	मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला पंचायत, छिंदवाड़ा	सदस्य ;
13.	नगर और ग्राम योजना विभाग का प्रतिनिधि	सदस्य ;
14.	प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का प्रतिनिधि	सदस्य ;
15.	पर्यावरण के क्षेत्र में कार्य करने वाले गैर सरकारी संगठनों का प्रत्येक मामले में तीन वर्ष की अवधि के लिए मध्य प्रदेश राज्य सरकार द्वारा नामनिर्दिष्ट एक प्रतिनिधि	सदस्य ;
16.	मध्य प्रदेश सरकार द्वारा नामनिर्दिष्ट प्रतिष्ठित संस्था से पारिस्थितिकी और पर्यावरण के क्षेत्र प्रत्येक मामले में तीन वर्ष की अवधि के लिए पारिस्थितिक और पर्यावरण क्षेत्र का एक विशेषज्ञ;	सदस्य ;
17.	राज्य जैव-विविधता बोर्ड का सदस्य सचिव	सदस्य ;
18.	क्षेत्र निदेशक, सतपुड़ा बाघ आरक्षिती	सदस्य सचिव।

6. निर्देश – निबंधनः-

(1) पारिस्थितिक संवेदी जोन समिति इस अधिसूचना के उपबंधों के अनुपालन को मानीटर करेगी।

(2) पारिस्थितिक संवेदी जोन में भारत सरकार के तत्कालीन पर्यावरण और वन मंत्रालय की अधिसूचना सं. का.आ. 1533(अ) तारीख 14 सितंबर, 2006 की अनुसूची में के अधीन सम्मिलित क्रियाकलापों और इस अधिसूचना के पैरा 4 के अधीन सारणी में यथा विनिर्दिष्ट प्रतिषिद्ध गतिविधियों के सिवाय आने वाले ऐसे क्रियाकलापों की दशा में वास्तविक विनिर्दिष्ट स्थलीय दशाओं पर आधारित मानीटरी समिति द्वारा संवीक्षा की जाएगी और उक्त अधिसूचना के उपबंधों के अधीन पूर्व पर्यावरण अनापत्ति के लिए केन्द्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को निर्दिष्ट की जाएगी।

(3) इस अधिसूचना के पैरा 4 के अधीन सारणी में यथा-विनिर्दिष्ट प्रतिषिद्ध क्रियाकलापों के सिवाय, भारत सरकार के तत्कालीन पर्यावरण और वन मंत्रालय की अधिसूचना संख्यांक का.आ. 1533(अ) तारीख 14 सितंबर, 2006 की अधिसूचना के अनुसूची के अधीन ऐसे क्रियाकलापों, जिन्हें सम्मिलित नहीं किया गया है, परंतु पारिस्थितिक संवेदी जोन में आते हैं, ऐसे क्रियाकलापों की वास्तविक विनिर्दिष्ट स्थलीय दशाओं पर आधारित मानीटरी समिति द्वारा संवीक्षा की जाएगी और उसे संबद्ध विनियामक प्राधिकरणों को निर्दिष्ट किया जाएगा ।

(4) मानीटरी समिति का सदस्य-सचिव या संबद्ध उपायुक्त या संबद्ध उद्यान उप वन संरक्षक ऐसे व्यक्ति के विरूद्ध, जो इस अधिसूचना के किसी उपबंध का उल्लंघन करता है, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 19 के अधीन परिवाद फाइल करने के लिए सक्षम होगा ।

(5) मानीटरी समिति मुद्दा दर मुद्दा के आधार पर अपेक्षाओं पर निर्भर रहते हुए संबद्ध विभागों के प्रतिनिधियों या विशेषज्ञों, औद्योगिक संगमों या संबद्ध पणधारियों के प्रतिनिधियों को अपने विचार-विमर्श में सहायता के लिए आमंत्रित कर सकेगी ।

(6) मानीटरी समिति प्रत्येक वर्ष की 31 मार्च तक की अपनी वार्षिक कार्रवाई रिपोर्ट राज्य के मुख्य वन्य जीव वार्डन को **उपाबंध IV** में उपबंधित रूप विधान के अनुसार उक्त वर्ष के 30 जून तक प्रस्तुत करेगी ।

(7) केन्द्रीय सरकार का पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय मानीटरी समिति को अपने कृत्यों के प्रभावी निर्वहन के लिए ऐसे निदेश दे सकेगा, जो वह ठीक समझे ।

7. इस अधिसूचना के उपबंधों को लागू करने के लिए केंद्रीय सरकार और राज्य सरकार अतिरिक्त उपाय, यदि कोई हों, विनिर्दिष्ट कर सकेंगी ।


8. भारत के माननीय उच्चतम न्यायालय या माननीय उच्च न्यायालय या माननीय राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण द्वारा पारित कोई आदेश या पारित होने वाले किसी आदेश, यदि कोई हों, के अधीन, इस अधिसूचना के उपबंध होंगे ।


[फा. सं. 25/177/2015 ईएसजेड]

ललित कपूर, वैज्ञानिक 'जी'

उपाबंध-I

अक्षांश और देशांतर सहित पारिस्थितिक संवेदी जोन का मानचित्र





पारिस्थितिक संवेदी जोन और कोर जोन के निर्देशांक निम्नलिखित है

दिशा	अक्षांश (कोर)	देशांतर (कोर)
उत्तर	22º42'01.12"	78º27'35.84"
पूर्व	22º25'36.98"	78º33'57.22"
दक्षिण	22º19'51.50"	78º01'59.74"
पश्चिम	22º31'06.91"	77º53'45.03"

दिशा	अक्षांश (पारिस्थितिक संवेदी जोन)	देशांतर (पारिस्थितिक संवेदी जोन)
उत्तर	22º43'13.89"	78º27'37.92"
पूर्व	22º25'20.98"	78º35'43.93"
दक्षिण	22º18'12.13"	78º05'03.81"
पश्चिम	22º31'11.29"	77º52'22.77"

IndiaCode

उपाबंध-II

सतपुड़ा पारिस्थितिक संवेदी जोन के अंतर्गत आने वाले ग्रामों के साथ भौगोलिक निर्देशांक

क्र.सं	प्रभाग का नाम	ग्रामों के नाम	जिला	देशांतर	अक्षांश
1	मध्यवर्ती क्षेत्र	महाराजगंज	होशांगाबाद	78 27' 51.43" पू	22 42' 39.72" उ
2	मध्यवर्ती क्षेत्र	नयागांव	होशांगाबाद	78 26' 19.46" पू	22 42' 56.86" उ
3	मध्यवर्ती क्षेत्र	घोगरी माथा	होशांगाबाद	78 26' 32.99" पू	22 42' 15.31" उ
4	मध्यवर्ती क्षेत्र	अमादेह	होशांगाबाद	78 26' 10.88" पू	22 40'38.36" उ
5	मध्यवर्ती क्षेत्र	रैतवादी	होशांगाबाद	78 25' 18.74" पू	22 40' 55.95" उ
6	मध्यवर्ती क्षेत्र	मदहो	होशांगाबाद	78 24' 16.70" पू	22 40' 36.68" उ
7	मध्यवर्ती क्षेत्र	बोरी	होशांगाबाद	78 24' 7.65" पू	22 41' 18.70" उ
8	मध्यवर्ती क्षेत्र	देवी	होशांगाबाद	78 24' 15.43" पू	22 39' 48.19" उ
9	मध्यवर्ती क्षेत्र	दोकरीखेडा	होशांगाबाद	78 22' 34.78" पू	22 39' 28.29" उ
10	मध्यवर्ती क्षेत्र	जीरीया	होशांगाबाद	78 23' 36.87" पू	22 38' 43.06" उ
11	मध्यवर्ती क्षेत्र	चौका	होशांगाबाद	78 22' 18.02" पू	22 38' 40.05" उ
12	मध्यवर्ती क्षेत्र	अनहौनी	होशांगाबाद	78 21' 6.53" पू	22 38' 5.77" उ
13	मध्यवर्ती क्षेत्र	मुहारीखुर्द	होशांगाबाद	78 20' 18.91" पू	22 38' 42.45" उ
14	मध्यवर्ती क्षेत्र	मुहारीकला	होशांगाबाद	78 18' 8.14" पू	22 39' 48.36" उ
15	मध्यवर्ती क्षेत्र	संघी	होशांगाबाद	78 17' 5.42" पू	22 40' 11.76" उ
16	मध्यवर्ती क्षेत्र	सेहरा	होशांगाबाद	78 10' 10.65" पू	22 34' 59.16" उ
17	मध्यवर्ती क्षेत्र	कामती	होशांगाबाद	78 09' 31.75" पू	22 36' 26.80" उ
18	मध्यवर्ती क्षेत्र	टेकापर	होशांगाबाद	78 09' 01.32" पू	22 35' 0.88" उ

19	मध्यवर्ती क्षेत्र	सारंगपुर	होशांगाबाद	78 8' 43.99" पू	22 34' 39.91" उ
20	मध्यवर्ती क्षेत्र	घोगरी	होशांगाबाद	78 7' 13.66" पू	22 35' 8.41" उ
21	मध्यवर्ती क्षेत्र	मानगरीया	होशांगाबाद	78 6'10 .05" पू	22 35' 40.34" उ
22	मध्यवर्ती क्षेत्र	उरदौन	होशांगाबाद	78 5' 46.46" पू	22 34' 46.40" उ
23	मध्यवर्ती क्षेत्र	खरपवाद	होशांगाबाद	78 4' 21.44" पू	22 34' 31.02" उ
24	मध्यवर्ती क्षेत्र	पाथाइ	होशांगाबाद	78 1' 59.12" पू	22 36' 10.25" उ
25	मध्यवर्ती क्षेत्र	टावानगर	होशांगाबाद	77 58' 34.99" पू	22 34' 00.89" उ
26	मध्यवर्ती क्षेत्र	रानीपुर	होशांगाबाद	77 57' 17.42" पू	22 34'03.78" उ
27	मध्यवर्ती क्षेत्र	चीचा	होशांगाबाद	77”54`50.28””पू	22”32`40.41”उ
28	मध्यवर्ती क्षेत्र	दौदी	होशांगाबाद	77 53' 28.44" पू	22 31' 19.24" उ
29	मध्यवर्ती क्षेत्र	चातुआ	होशांगाबाद	77 54' 21.35" पू	22 28' 09.74" उ
30	मध्यवर्ती क्षेत्र	झुनकर	होशांगाबाद	77:::54`24.20”’पू	22 25' 46.51" उ
31	मध्यवर्ती क्षेत्र	मल्लुपुरा	होशांगाबाद	77 56' 04.94" पू	22 25' 29.32" उ
32	मध्यवर्ती क्षेत्र	सुपलाइ	होशांगाबाद	77 58' 54.23" पू	22 25' 04.84" उ
33	मध्यवर्ती क्षेत्र	खामदा	होशांगाबाद	77 55' 58.56" पू	22 24' 30.49" उ
34	मध्यवर्ती क्षेत्र	झलाई	होशांगाबाद	77 56' 54.36" पू	22 23' 26.61" उ
35	मध्यवर्ती क्षेत्र	कोटमी	होशांगाबाद	77 54' 16.44" पू	22 24' 4.56" उ
36	मध्यवर्ती क्षेत्र	मरूआपुरा	होशांगाबाद	77”53`36.53”पू	22”22`46.25””उ
37	मध्यवर्ती क्षेत्र	चिचाधाना	होशांगाबाद	77 53' 59.08" पू	22 22' 17.42" उ
38	मध्यवर्ती क्षेत्र	लेदेमा	होशांगाबाद	77 53 39.13" पू	22 22' 14.64" उ
39	मध्यवर्ती क्षेत्र	बरधा	होशांगाबाद	77 54' 53.41" पू	22 20' 7.92" उ
40	मध्यवर्ती क्षेत्र	धासाई	बेतुल	77 56' 53.89" पू	22 19' 30.08" उ
41	मध्यवर्ती क्षेत्र	केलीपुन्जी	बेतुल	77 59' 36.03" पू	22 18' 25.80" उ
42	मध्यवर्ती क्षेत्र	भातोदी	बेतुल	78 11' 32.57" पू	22 23' 10.52" उ
43	मध्यवर्ती क्षेत्र	बरुथ	छिंदवाड़ा	78 17' 25.64" पू	22 24' 12.47" उ
44	मध्यवर्ती क्षेत्र	दुनदालम	छिंदवाड़ा	78 16' 50.81" पू	22 23' 04.47" उ
45	मध्यवर्ती क्षेत्र	छतीआम	छिंदवाड़ा	78 18'48.43" पू	22 23' 15.73" उ
46	मध्यवर्ती क्षेत्र	कुर्राइ	छिंदवाड़ा	78 20' 47.18" पू	22 24' 46.86" उ
47	मध्यवर्ती क्षेत्र	अलीमोड	छिंदवाड़ा	78 22' 26.99" पू	22 23' 40.98" उ
48	मध्यवर्ती क्षेत्र	बीजोरी	छिंदवाड़ा	78 26' 54.96" पू	22 22' 25.03" उ
49	मध्यवर्ती क्षेत्र	संगखेदा	छिंदवाड़ा	78 27' 26.40" पू	22 21' 50.14" उ
50	मध्यवर्ती क्षेत्र	कुनदाइधाना	छिंदवाड़ा	78 28' 24.17" पू	22 21' 43.14" उ
51	मध्यवर्ती क्षेत्र	नीशान	छिंदवाड़ा	78 31' 53.93" पू	22 24' 14.43" उ
52	मध्यवर्ती क्षेत्र	अमारदोले	छिंदवाड़ा	78 32' 54.88" पू	22 23' 49.93" उ
53	मध्यवर्ती क्षेत्र	बेलखेदी	छिंदवाड़ा	78 33' 44.75" पू	22 24' 40.64" उ

54	मध्यवर्ती क्षेत्र	लुखाधाना	छिंदवाड़ा	78 34' 34.19" पू	22 24' 38.90" उ
55	मध्यवर्ती क्षेत्र	अनजानधाना	छिंदवाड़ा	78 34' 40.12" पू	22 25' 19.80" उ
56	मध्यवर्ती क्षेत्र	बनधान	छिंदवाड़ा	78 32' 47.41" **पू**	22 30' 37.96" **उ**
57	मध्यवर्ती क्षेत्र	दुनदी	छिंदवाड़ा	78 32' 29.77" **पू**	22 30' 29.95" **उ**
58	मध्यवर्ती क्षेत्र	आदीटोरीया	छिंदवाड़ा	78 31' 6.69"पू	22 34' 37.62" उ
59	मध्यवर्ती क्षेत्र	जीरपा	छिंदवाड़ा	78 30' 52.73"पू	22 35' 47.72" उ
60	मध्यवर्ती क्षेत्र	खानचारी	छिंदवाड़ा	78 30' 10.74" पू	22 35' 41.01" उ
61	मध्यवर्ती क्षेत्र	नावाटोला	छिंदवाड़ा	78 30' 22.99" पू	22 35'51 .91" उ
62	मध्यवर्ती क्षेत्र	करेर	छिंदवाड़ा	78 30' 28.26" पू	22 36' 24.6" उ
63	मध्यवर्ती क्षेत्र	ननदिया	होशांगाबाद	78 26' 35.60" पू	22 23' 26.88" उ
64	मध्यवर्ती क्षेत्र	गुटखेडा	होशांगाबाद	78 27'49.56" पू	22 23' 36.96" उ
65	मध्यवर्ती क्षेत्र	सुपदोनगर	होशांगाबाद	78 29' 01.50" पू	22 23' 40.94" उ
66	मध्यवर्ती क्षेत्र	साकरी	होशांगाबाद	78 30' 04.45" पू	22 24' 25.54" उ
67	मध्यवर्ती क्षेत्र	चुरनी	होशांगाबाद	78 32' 32.46" पू	22 25' 27.01" उ
68	मध्यवर्ती क्षेत्र	नेकसा	होशांगाबाद	78 30' 47.57" पू	22 34' 21.95" उ
69	मध्यवर्ती क्षेत्र	मतकुली	होशांगाबाद	78 27' 17.49" पू	22 35' 34.22" उ
70	मध्यवर्ती क्षेत्र	चचीर्राइ	होशांगाबाद	78 28' 41.30" पू	22 35' 34.29" उ
71	मध्यवर्ती क्षेत्र	तेकापर	होशांगाबाद	78 28' 58.93" पू	22 36' 22.28" उ
72	मध्यवर्ती क्षेत्र	चील्लोड	होशांगाबाद	78 27' 32.74" पू	22 36' 27.86" उ
73	मध्यवर्ती क्षेत्र	खारी	होशांगाबाद	78 26' 59.33" पू	22 36' 43.29" उ
74	मध्यवर्ती क्षेत्र	मोहागन	होशांगाबाद	78 26' 56.03" पू	22 36' 27.13" उ
75	मध्यवर्ती क्षेत्र	मल्ली	होशांगाबाद	78 26' 10.41" पू	22 35' 51.52" उ
76	मध्यवर्ती क्षेत्र	पीसुआ	होशांगाबाद	78 24' 12.68" पू	22 35' 46.56" उ
77	मध्यवर्ती क्षेत्र	बीन्दाखेडा	होशांगाबाद	78 25' 09.89" पू	22 35' 18.03" उ
78	मध्यवर्ती क्षेत्र	मेहानदीखेडा	होशांगाबाद	78 26' 20.12" पू	22 34' 57.21" उ
79	मध्यवर्ती क्षेत्र	पचमेरी	होशांगाबाद	78 25' 15.10" पू	22 27' 19.62" उ
80	मध्यवर्ती क्षेत्र	फिफेरी	होशांगाबाद	78 32' 11.18" पू	22 30' 37.18" उ
81	मध्यवर्ती क्षेत्र	मानाकाचार	होशांगाबाद	78 31' 46.19" पू	22 33' 10.52" उ

उपाबंध-III

सतपुड़ा पारिस्थितिक संवेदी जोन के अंतर्गत आने वाले विधि स्थान एवं क्षेत्र (राजस्व क्षेत्र) का विस्तार

प्रभाग	सीमा	बीट	ग्रामों के नाम	विधि स्थान	क्षेत्र (हेक्टेयर
मध्यवर्ती क्षेत्र	देनवा मध्यवर्ती	जीरपा	जीरपा, अदीटोरिअ	राजस्व	932.624
मध्यवर्ती क्षेत्र			करेर	राजस्व	545.739
मध्यवर्ती क्षेत्र			खान्चारी	राजस्व	302.28

मध्यवर्ती क्षेत्र		सीतादोनगरी	बनधेन	राजस्व	49.75
मध्यवर्ती क्षेत्र		देनवा	दुन्दी	राजस्व	45.502
मध्यवर्ती क्षेत्र		कुकपानी	बरयथ	राजस्व	181.87
मध्यवर्ती क्षेत्र		चाती- आम	चातीं-आम	राजस्व	184.428
मध्यवर्ती क्षेत्र		पूर्व -अलीमानडा	अलीमोंडा,कुर्राइ, दुनदालम	राजस्व	3519.542
मध्यवर्ती क्षेत्र		पश्चमी-अलीमानडा	बहागोली	राजस्व	264.89
	कुल			राजस्व	**6026.625**
मध्यवर्ती क्षेत्र	तावा मध्यवर्ती	धासी	धसाइ	राजस्व	243.802
	कुल			राजस्व	**243.802**
मध्यवर्ती क्षेत्र	बेगरा मध्यवर्ती	चेदका	सरान्हपुर,	राजस्व	314.617
मध्यवर्ती क्षेत्र			कामती,	राजस्व	511.187
मध्यवर्ती क्षेत्र			टकापर , सेहरा	राजस्व	594.141
मध्यवर्ती क्षेत्र		अरदोन	अरदोन	राजस्व	899.698
मध्यवर्ती क्षेत्र		घोरी	घहोगरी	राजस्व	870.271
मध्यवर्ती क्षेत्र		-उत्तर खरपावाद	खरपवाद	राजस्व	1117.705
मध्यवर्ती क्षेत्र			मगरीया	राजस्व	160.688
मध्यवर्ती क्षेत्र	**कुल**			राजस्व	**4468.307**
मध्यवर्ती क्षेत्र	पीपरीया मध्यवर्ती	नदीपुरा	नदीपुरा	राजस्व	1411.611
मध्यवर्ती क्षेत्र		उत्तर बरगोंदी	**बरगोदी**	राजस्व	2340.065
मध्यवर्ती क्षेत्र		चोउका	अनहोनी	राजस्व	468.690
	कुल				**4220.366**
मध्यवर्ती क्षेत्र	**पूर्व पचमारही**		टेकापर		460.348
मध्यवर्ती क्षेत्र			बीनदाखेरा		129.660
मध्यवर्ती क्षेत्र			पचमारही		1532.521
मध्यवर्ती क्षेत्र			मेंदीखेरा		102.561
मध्यवर्ती क्षेत्र			चीर्रा		230.436
मध्यवर्ती क्षेत्र			माइली		66.830
मध्यवर्ती क्षेत्र			चील्लीओड		127.716
मध्यवर्ती क्षेत्र			मतकुली		458.837
मध्यवर्ती क्षेत्र			मोअहगाँव		144.190
मध्यवर्ती क्षेत्र			पीसुअ		308.507
मध्यवर्ती क्षेत्र			खारी		235.424
मध्यवर्ती क्षेत्र			नन्दीअ		183.477
मध्यवर्ती क्षेत्र			सूयपदोनगेर		146.932

IndiaCode

मध्यवर्ती क्षेत्र			संकरी		0.743
मध्यवर्ती क्षेत्र			चुरनी		486.885
मध्यवर्ती क्षेत्र			चादन पीपरी		97.021
मध्यवर्ती क्षेत्र			नेकस		25.181
मध्यवर्ती क्षेत्र			मनकाचार		16.292
मध्यवर्ती क्षेत्र			फिफेरी		08.142
	कुल:				**4761.703**
	कुल योग:				**19720.803**

सतपुडा पारिस्थितिक संवेदी जोन सीमा के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र और विधि स्थान (पी.एफ/आरक्षित वन)

